बरगी विधान सभा क्षेत्र के ग्रामः घाट पिपरिया में अनुसूचित जाति के हितग्राहीयों व पशुपालकों हेतु एक दिवसीय प्रशिक्षण एवं पशु स्वास्थ्य शिविर का समापन

जबलपुर। आज दिनांक 7 मार्च 2020 को संचालनालय विस्तार शिक्षा, नानाजी देशमुख पशुचिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय एवं पशुचिकित्सा विभाग, जबलपुर के तत्वाधान में बरगी विधान सभा क्षेत्र के ग्राम पंचायतः घाट पिपरिया में अनुसूचित जाति के हितग्राहीयों व पशुपालकों के सामाजिक–आर्थिक उत्थान हेतु एक दिवसीय प्रशिक्षण एवं पशु स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया।

ये दोनों कार्यक्रम माननीय श्री संजय यादव जी, जनप्रिय व यशस्वी, विधायक, बरगी विधान सभा क्षेत्र, माननीय डॉ. विनोद कुमार बाजपेयी, कुलसचिव, ना.दे.प. चि.वि.वि. की अध्यक्षता, माननीय इंजी. श्री प्रभात दुबे जी, प्रबंधन प्रमण्डल के सदस्य, ना.दे.प.चि.वि.वि. के विशिष्ट आतिथ्य साथ ही मंचासीन डॉ. जी.पी. पाण्डेय, पूर्व कुलसचिव, ना.दे.प.चि.वि.वि. जबलपुर एवं श्री मांगीलाल मरावी, उपाध्यक्ष, जिला पंचायत की गरिमामय उपस्थिति में संपन्न हुये।

संचालनालय, विस्तार शिक्षा के वैज्ञानिक डॉ. अनिल कुमार गौर द्वारा **''उन्नत कृषि प्रणाली पद्धतियों के माध्यम द्वारा अनुसूचित जाति के हितग्राहीयों व पशुपालकों के सशक्तीकरण''** विषय पर

प्रशिक्षण प्रदाय किया गया, जिसमें अनुसूचित जाति के हितग्राहीयों व पशुपालकों को प्रशिक्षण दिया गया। शैक्षणिक पशुचिकित्सा परिसर के वैज्ञानिकों में डॉ. ब्रजेश सिंह के नेतृत्व में बी.व्ही.एस.सी. इंटर्नशिप के छात्रों द्वारा अध्ययनरत् छात्रों द्वारा निःशुल्क पशु स्वास्थ्य शिविर में अस्वस्थ्य पशुओं को उपचारित करते हुये, पशुपालकों को संतुलित आहार पोषण में पोषक तत्वों की पूर्ति हेतु खनिज लवण प्रदाय किया गया। साथ ही पशुपालकों को पशुओं के स्वास्थ्य एवं दुग्ध उत्पादन में वृद्धि हेतु पशु रोगों की रोकथाम हेतु वार्षिक टीकाकरण कार्यक्रम के अम्लीकरण पर सुझाव दिये गये।

कार्यक्रम में उद्‌बोधन का शुभारंभ करते हुये डॉ. ए.के. गौर ने स्वागत भाषण में मंचासीन मुख्य अतिथि, अध्यक्षता कर रहे, माननीय कुलपति जी, विशिष्ट अतिथियों, उपस्थित जनप्रतिनिधियों, अनुसूचित जाति के हितग्राहीयों व पशुपालकों का हार्दिक अभिनंदन किया। साथ ही आपने

संचालनालय विस्तार शिक्षा के अंर्तगत संचालित विस्तार गतिविधियों परियोजनाओं, प्रशिक्षणों, पशु स्वास्थ्य शिविर, किसान संगोष्ठी आदि विषयों की विस्तृत जानकारी से अवगत कराया।

उद्‌बोधन की कड़ी में विशिष्ट अतिथि इंजी. श्री प्रभात दुबे जी ने वि.वि. में संचालित शैक्षाणिक, अनुसंधान एवं विस्तार गतिविधियों पर प्रकाश डालते हुये, विश्वविद्यालय को प्रगति के पथ पर ले जाने हेतु प्रेरित किया व विश्वविद्यालय की गतिविधियों को भूरि–भूरि प्रशंसा की गई।

विस्तार कार्यों के तहत प्रशिक्षणों एवं पशु स्वास्थ्य शिविरों की आवश्यकता एवं महत्व पर उद्‌बोधन देते हुये, कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे, माननीय कुलसचिव जी ने मुख्य अतिथि माननीय श्री संजय यादव जी, विधायक, बरगी विधान सभा का नानाजी देशमुख पशुचिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय को पशुपालकों के द्वार तक तकनीकीयों को पहुँचने का अवसर प्रदान किये जाने एवं अपने अथक प्रयासों से वि.वि. को भविष्य के प्रयास में **''बकरी अनुसंधान केन्द्र''** की स्थापना हेतु साधुवाद दिया। अनुसूचित जाति एवं पशुपालकों की आय–वृद्धि से उनका सामाजिक–आर्थिक उत्थान में मील के पत्थर साबित होंगे।

कार्यक्रम की श्रंखला में मुख्य अतिथि माननीय श्रीमान् संजय यादव जी ने अपनी आसंदी से बरगी विधान सभा क्षेत्र में पशुपालन के क्षेत्र में आयोजित किये गये प्रशिक्षण एवं पशु स्वास्थ्य शिविर के

माध्यम से पशुपालकों व कृषकों की आय में दो–गुनी वृद्धि परिलक्षित होगी, जिससे बरगी विधान सभा क्षेत्र उत्तरोत्तर प्रगति की ओर बढ़ेगा।

कार्यक्रम में पशुपालकों/कृषकों की गरिमामय उपस्थिति सराहनीय रही। वि.वि. की ओर से डॉ. हरि. आर, पशुचिकित्सा एवं पशुपालन महाविद्यालय के अध्ययनरत् पी.एच.डी., स्नातकोत्तर एवं बी.व्ही. एस.सी. के इंटर्नशिप छात्र–छात्राओं की उपस्थिति सराहनीय रही। इस अवसर पर श्री मनोज चढ़ार, प्रतिनिधि ग्राम संरपच व श्री दीपक पाण्डेय, ग्राम सचिव घाट पिपरिया, फार्मर फर्स्ट परियोजना के श्री देवेश उपाध्याय, श्री विजय चौकसे, श्री अशीष यादव एवं ग्रामवासियों का सहयोग प्रशंसनीय रहा।

कार्यक्रम का संचालन श्री अरूण पाण्डेय, प्रभारी, पशु औषद्यालय, घाट पिपरिया एवं आभार प्रदर्शन डॉ. ब्रजेश सिंह, सहा. कुलसचिव द्वारा किया गया।

सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी
ना.दे.प.चि.वि.वि., जबलपुर (म.प्र.)